अवसर | उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की पहल से औद्योगिक भूखंड पाने के लिए सुनहरा मौका

16 जिलों में औद्योगिक प्लाटों की ई-नीलामी आज से

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण 16 जिलों में औद्योगिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी 24 मार्च से शुरू करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिससे उत्तर प्रदेश में रोजगार और आर्थिक विकास की गति रफ्तार पकड़ेगी।

निवेशकों को मिलेगा लाभः राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ई-नीलामी की व्यवस्था की है। उद्यमी निवेश मित्र पोर्टल पर जाकर औद्योगिक भूखंडों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे उन्हें समय और प्रक्रिया की जटिलता से राहत मिलेगी और उद्योग स्थापित करने में आसानी होगी।

इन जिलों में जमीन

बांदा, सहारनपुर,हरदोई, हमीरपुर, उरई (जालौन), शाहजहांपुर, अमेठी, मैनपुरी, अलीगढ़,मथुरा, एटा, जौनपुर, वाराणसी, कानपुर देहात, उन्नाव, संभल।

औद्योगीकरण को बढ़ावा

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी सरकार लगातार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इस नीलामी से प्रदेश में छोटे, मध्यम व बड़े उद्योगों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण इस पूरी प्रक्रिया का संचालन कर रहा है।

उद्योगपतियों को सुविधा

राज्य सरकार उद्योगपतियों को हर संभव सुविधा प्रदान कर रही है। जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यूपी में उद्योग लगाने की तैयारी करने वाले उद्यमियों के लिए यह सुनहरा मौका है। 24 मार्च से इसके लिए ई-नीलामी में भाग लेने और बेहतरीन औद्योगिक भूखंड प्राप्त करने का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।